C M Y K

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

DIGITAL – EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 219 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - रविवार, 01 फरवरी ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

### श्रद्धा और सामाजिक चेतना के साथ मनाया जाएगा महाप्रभु रामचरण जी का 307वां प्राकट्य महोत्सव

## रामनिवास धाम में भक्ति की गूंज, विजयवर्गीय समाज के युवक-युवती परिचय अधिवेशन में उमड़ा समाज, आज भव्य शोभायात्रा होगी आकर्षण का केंद्र








**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।**

**मूलचन्द पेसवानी**

अखिल भारतीय विजयवर्गीय मेवाड़ महासभा के तत्वावधान में रामस्नेही संप्रदाय के संस्थापक महाप्रभु स्वामी रामचरण जी महाराज का 307वां प्राकट्य महोत्सव रविवार को श्री रामनिवास धाम में श्रद्धा, भक्ति और सामाजिक चेतना के साथ मनाया जाएगा। आयोजन से पूर्व शनिवार को रामनिवास धाम में समाज के युवक-युवतियों का परिचय अधिवेशन आयोजित किया गया, जिसमें प्रदेशभर से समाजजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ रामस्नेही संप्रदाय के आचार्यश्री रामदयालजी महाराज ने महाप्रभु रामचरण जी महाराज के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर किया। इस दौरान वातावरण 'राम-राम' की गूंज से भक्तिमय हो उठा। महामंत्री श्यामसुंदर विजयवर्गीय ने अतिथियों का स्वागत करते हुए आयोजन की महत्ता पर प्रकाश डाला, जबकि अध्यक्ष घनश्याम विजयवर्गीय ने महाप्रभु के जीवन चरित्र का स्मरण कर उनके आदर्शों को आत्मसात करने का आह्वान किया।

धर्मसभा को संबोधित करते हुए आचार्यश्री रामदयालजी महाराज ने कहा कि महाप्रभु स्वामी रामचरण जी महाराज द्वारा दिया गया 'राम नाम' का महामंत्र आज भी उतना ही प्रभावी है। उन्होंने कहा, 'राम ही सत्य है और सत्य ही संस्कृति है। समाज को विकृतिवाद से ऊपर उठकर संस्कृतिवाद को अपनाने की आवश्यकता है। जब व्यक्ति राम नाम को जीवन में उतार लेता है, तब समाज स्वतः शुद्ध और सशक्त बनता है। '

आचार्यश्री ने शाहपुरा धाम में हो रहे इस आयोजन को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि विजयवर्गीय समाज ने यहां आयोजन कर समूचे समाज को महाप्रभु के सानिध्य से जोड़ने का सराहनीय कार्य किया है। संत नरपतराम महाराज, संत अमृतराम महाराज एवं संत रामनारायण देवास ने भी विचार रखे और महाप्रभु की परंपरा को जन-जन तक पहुंचाने का संदेश दिया। जयंती संयोजक कैलाश विजयवर्गीय ने बताया कि आयोजन के पहले दिन ही 1800 से अधिक लोगों का पंजीयन हुआ, जबकि युवक-युवती परिचय अधिवेशन में 500 से अधिक युवक-युवतियों ने पंजीयन कराया। मेवाड़ महासभा अध्यक्ष घनश्याम विजयवर्गीय एवं महामंत्री श्यामसुंदर विजयवर्गीय के नेतृत्व में रामनिवास धाम को भव्य रोशनी, पताकाओं एवं पुष्प सज्जा से सजाया गया है।

**भव्य शोभायात्रा बनेगी आकर्षण का केंद्र**

आज रविवार को राममेडिया से 398 भोग थाल के साथ भव्य शोभायात्रा हाथी-घोड़े, बैंड-बाजे, छत्र-चंवर एवं शाही लवाजमे के साथ रवाना होगी। नाचते-गाते श्रद्धालु श्री रामनिवास धाम पहुंचेंगे, जहां विशाल धर्मसभा का आयोजन होगा और आचार्यश्री के आशीर्वचन प्राप्त होंगे। उल्लेखनीय है कि रामस्नेही संप्रदाय की मुख्य पीठ शाहपुरा स्थित श्री रामनिवास धाम ही है, जहां से महाप्रभु रामचरण जी महाराज की विचारधारा आज भी पूरे देश में प्रवाहित हो रही है।

## रोडवेज बस स्टैंड पर हंगामा, बस में तोड़फोड़

### चालक-परिचालक से मारपीट, जान से मारने की धमकी





**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया**

कस्बे में राज्य परिवहन निगम की बस के चालक-परिचालक के साथ बदसलूकी, मारपीट और सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का मामला सामने आया है। घटना शुक्रवार शाम करीब 8:30 बजे रोडवेज बस स्टैंड की है।

जानकारी के अनुसार, राज्य परिवहन निगम के भीलवाड़ा डिपो की बस जयपुर से बिजौलियां पहुंची थी। बस स्टैंड पर चालक अहमदनूर मोहम्मद एवं परिचालक पिंटू बंजारा बस से लगभग 35 यात्रियों को नीचे उतार रहे थे। बस को अपनी साइड में खड़ा किया गया था, तभी पीछे से आए एक ट्रक के चालक ने जानबूझकर बस को टक्कर मार दी।

बताया गया कि वाहन के साथ आए नगर निवासी तीन भाइयों ने इशारा कर बस पर हमला किया, जिससे बस का साइड ग्लास टूट गया तथा सामने का शीशा भी क्षतिग्रस्त हो गया। इससे बस में सवार यात्रियों की जान को भी खतरा उत्पन्न हो गया।

चालक-परिचालक ने आरोप लगाया कि आरोपी शराब के नशे में धुत थे और उनके साथ गाली-गलौच करते हुए मारपीट पर उतर आए। इतना ही नहीं, बस की टिकट नकदी छीनने का भी प्रयास किया गया। आरोपियों ने धमकी दी कि उनका मकान पुलिस थाने के सामने है, इसलिए पुलिस उनका कुछ नहीं बिगाड़ सकती।

पीड़ितों के अनुसार आरोपियों ने जान से मारने, हाथ-पैर तोड़ने और भविष्य में बस दिखने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकियां दीं। घटना के दौरान मौके पर वीडियो व फोटो भी बनाए गए हैं।

मामले को लेकर चालक-परिचालक ने बिजौलियां थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई तथा संबंधित वाहन को जब्त करने की मांग की है। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

## कोटा में सुरक्षा एजेंसियों की बड़ी कार्रवाई, 4 दिन में 5 कश्मीरी युवक हिरासत में

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटा।**

**गर्वित** । शहर में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सतर्कता के बीच शनिवार सुबह सुरक्षा एजेंसियों ने बड़ी कार्रवाई करते हुए कश्मीर के रहने वाले तीन संदिग्ध युवकों को हिरासत में लिया है। यह कार्रवाई सुबह करीब 8 बजे भीमगंज मंडी थाना क्षेत्र में की गई। इससे पहले मकबरा थाना क्षेत्र से भी दो युवकों को डिटेन किया जा चुका है। पिछले चार दिनों में अलग-अलग थाना क्षेत्रों से कुल पांच संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है।


पुलिस के अनुसार, भीमगंज मंडी इलाके से पकड़े गए तीनों युवक जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले के निवासी बताए जा रहे हैं। पूछताछ के दौरान उन्होंने दावा किया कि वे बारामूला में मदरसा निर्माण के लिए कोटा की मुस्लिम बस्तियों में चंदा एकत्र कर रहे थे। इसी तरह तीन दिन पहले मकबरा थाना क्षेत्र से हिरासत में लिए गए दो युवक भी कश्मीर के ही निवासी बताए गए थे।

भीमगंज मंडी थाना अधिकारी रामकिशन गोदारा ने बताया कि सभी मामलों को गंभीरता से लेते हुए पुलिस और अन्य सुरक्षा एजेंसियां संयुक्त रूप से जांच कर रही हैं। डिटेन किए गए व्यक्तियों के दस्तावेजों, मोबाइल फोन, संपर्कों और पिछले दिनों की गतिविधियों की गहन पड़ताल की जा रही है।

पुलिस का कहना है कि फिलहाल किसी भी निष्कर्ष पर पहुंचना जल्दबाजी होगी। संदिग्धों द्वारा बताए गए उद्देश्य की सत्यता की पुष्टि की जा रही है। जांच पूरी होने के बाद तथ्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# अवैध बजरी ट्रैक्टर का कहर : तेज रफ्तार में गली में घुसा, तीन बिजली पोल और वाहन तोड़े







**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

शहर में अवैध बजरी से भरा तेज रफ्तार ट्रैक्टर शनिवार को संजय कॉलोनी की संकरी गली में घुस गया और बेकाबू होकर एक के बाद एक तीन बिजली के पोल तोड़ता चला गया। हादसे में तीन दोपहिया वाहन भी ट्रैक्टर की चपेट में आ गए। एक स्कूटी पर सवार दो बच्चियों को टक्कर लगी, जिससे उन्हें मामूली चोटें आईं, जबकि स्कूटी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

घटना सुभाष नगर थाना क्षेत्र की है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, चालक अवैध बजरी लेकर तेज गति में निकलने की जल्दबाजी में था। पोल गिरने से चलती बिजली लाइन हवा में झूलने लगी, जिससे इलाके में दहशत फैल गई। ट्रैक्टर भागने की कोशिश में पहले एक घर के बाहर खड़ी इलेक्ट्रिक स्कूटी, फिर एक बाइक और आगे जाकर दूसरी स्कूटी से टकरा गया। धमाके की आवाज़ सुनते ही बड़ी संख्या में लोग मौके पर जुट गए। आक्रोशित लोगों ने ट्रैक्टर चालक और उसके साथी को पकड़ लिया और मारपीट भी हुई। सूचना पर पुलिस पहुंची और स्थिति को संभाला। पुलिस ने अवैध बजरी से भरे ट्रैक्टर को जब्त कर लिया है और चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## पटाखे जैसी आवाज़ करने वाले साइलेंसरों पर सख्ती, 100 से अधिक मॉडिफाइड बुलेट साइलेंसर बुलडोजर से नष्ट

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



ध्वनि प्रदूषण और स्टंटबाजी पर रोक लगाने के लिए भीलवाड़ा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से मॉडिफाइड बुलेट व अन्य बाइकों के 100 से अधिक हाई-नॉइज़ साइलेंसर जब्त कर पुलिस कंट्रोल रूम के सामने बुलडोजर से नष्ट कर दिए। कार्रवाई को देखने बड़ी संख्या में लोग मौके पर मौजूद रहे। बाइको पर कार्रवाई यातायात शाखा , कोतवाली, भीमगंज, सुभाषनगर व प्रताप नगर थाना पुलिस ने विशेष अभियान के तहत की। अभियान के दौरान पटाखे जैसी आवाज करने वाले मॉडिफाइड साइलेंसर खुलवाकर जब्त किए गए। कंट्रोल रूम पर इस दौरान एसपी धर्मेंद्र सिंह, एएसपी पारस जैन, कोतवाल शिवराज गुर्जर, भीमगंज थाना प्रभारी सुनील चौधरी, सुभाषनगर थाना प्रभारी कैलाशकुमार विश्नौई सहित कई कार्मिक मौके पर मौजूद रहे ।

**'भीलवाड़ा फोकस'**

अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।

Mo. 8696795959
Bhilwarafocus@gmail.com

BHILWARA Focus
भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

# वुमन ट्रेड सेंटर योजना को लेकर कल्याणी फाउंडेशन ने सौंपा बजट प्रस्ताव



भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

प्रदेश की नारी शक्ति को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के संकल्प को साकार करने की दिशा में कल्याणी फाउंडेशन ने महत्वपूर्ण पहल की है। इसी क्रम में फाउंडेशन के प्रतिनिधिमंडल ने अध्यक्ष दिव्या बोरदिया के नेतृत्व में भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेशाध्यक्ष राखी राठौड़ एवं भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा से भाजपा जिला कार्यालय पर मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम 'वुमन ट्रेड सेंटर' योजना का विस्तृत बजट प्रस्ताव सौंपते हुए इसे आगामी बजट में शामिल कराने का आग्रह किया।

फाउंडेशन की अध्यक्ष दिव्या बोरदिया ने बताया कि यदि सरकार इस प्रस्ताव को बजट 2026 में शामिल करती है, तो राजस्थान देश का पहला ऐसा राज्य बनेगा, जहां 'ऑल वुमन मैनेज्ड' कमर्शियल हब स्थापित होगा। इससे महिलाओं को रोजगार, उद्यमिता और व्यापार के नए अवसर प्राप्त होंगे।

भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेशाध्यक्ष राखी राठौड़ ने इस प्रोजेक्ट की सराहना करते हुए कहा कि यह महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक प्रभावी कदम है और वे इसे महिलाओं की आवाज के रूप में मुख्यमंत्री तक पहुंचाने का प्रयास करेंगी। वहीं भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने विश्वास दिलाया कि जिले की महिलाओं के हित में इस बजट प्रस्ताव को मुख्यमंत्री तक पहुंचाकर बजट में शामिल कराने तथा इसकी शुरुआत भीलवाड़ा से करवाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे।

इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल में प्रिया लोढ़ा, सुमन बनवट, रीना बापना सहित अन्य सदस्य भी उपस्थित रहीं।

# मांडलगढ़ में विद्युत उपभोक्ताओं की जनसुनवाई, 17 शिकायतें दर्ज

## विधायक गोपाल खण्डेलवाल ने दिए समस्याओं के त्वरित समाधान के निर्देश

भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़।

उपखण्ड मुख्यालय पर शनिवार को विधानसभा क्षेत्र के विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान हेतु एक खंड स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन पंचायत समिति सभागार में किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व विधायक गोपाल खंडेलवाल ने किया। जनसुनवाई में भीलवाड़ा वृत्त के अधीक्षण अभियंता ओ.पी , अधिशासी अभियंता अर्जुन सिंह मीणा, सहायक अभियंता लेखराज खाती, भारत कुमार पंवार, ललित मेवाड़ा सहित कनिष्ठ अभियंता उपस्थित रहे। अधिकारियों की मौजूदगी में क्षेत्र से आए विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना गया। जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान उपभोक्ताओं द्वारा बिजली आपूर्ति में व्यवधान, गलत बिलिंग, मीटर से संबंधित समस्याएं, नए विद्युत कनेक्शन, ट्रांसफार्मर खराब होना, वोल्टेज की समस्या सहित अन्य विद्युत संबंधी शिकायतें प्रस्तुत की गईं। कुल 17 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 2 शिकायतों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया, जबकि शेष शिकायतों के शीघ्र निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। विधायक खंडेलवाल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि उपभोक्ताओं की शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित, पारदर्शी एवं नियमानुसार समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि भविष्य में इस प्रकार की समस्याओं की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए आवश्यक तकनीकी एवं प्रशासनिक कदम उठाए जाएं। साथ ही उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि समयबद्ध, निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करना विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।





जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना के अंतर्गत रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित करने वाले विद्युत उपभोक्ताओं को प्रोत्साहन स्वरूप इंडक्शन कूकर वितरित किए गए। कुल 22 उपभोक्ताओं को इंडक्शन कूकर प्रदान किए गए। इस अवसर पर विधायक शर्मा ने योजना के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रूफटॉप सोलर से न केवल विद्युत बिलों में कमी आती है, बल्कि स्वच्छ एवं हरित ऊर्जा को भी बढ़ावा मिलता है। उन्होंने अधिक से अधिक उपभोक्ताओं से योजना का लाभ उठाने का आह्वान किया।

# माहेश्वरी महिला मंडल की नई कार्यकारिणी का निर्विरोध चयन , सुमन बनी अध्यक्ष



भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

विजय सिंह पथिक नगर माहेश्वरी महिला मंडल द्वारा संजय कॉलोनी स्थित माहेश्वरी भवन में बसंत उत्सव के साथ मंडल की चयन प्रक्रिया आयोजित की गई। नगर माहेश्वरी महिला संस्थान के तत्वावधान में चुनाव अधिकारी वीणा मोदी एवं रेखा सोडाणी ने सुमन राठी (अध्यक्ष), सरोज बांगड़ (सचिव), मधु झंवर (कोषाध्यक्ष) और पुनीता माहेश्वरी (संगठन मंत्री) का निर्विरोध चयन किया।

प्रचार-प्रसार मंत्री अंजना माहेश्वरी ने बताया कि निवर्तमान अध्यक्ष सरिता झंवर के सानिध्य में नई कार्यकारिणी गठित की गई। कार्यक्रम में महिलाओं ने गेम्स खेले, अल्पाहार लिया और अंत में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का माला पहनाकर व मुंह मीठा कराकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सदस्याओं की सहभागिता रही।

# फुलियाकलां पुलिस ने राधेश्याम बावरी हत्याकांड का किया खुलासा

## 2 महिलाओं सहित 4 आरोपी गिरफ्तार, सभी न्यायिक अभिरक्षा में भेजे गए

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

फुलियाकलां थाना पुलिस ने राधेश्याम बावरी की हत्या के मामले का खुलासा करते हुए 2 महिलाओं सहित 4 आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। मामले में सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने कार्रवाई थानाधिकारी राजेन्द्र सिंह के नेतृत्व में गठित विशेष टीम द्वारा की गई ।

पुलिस ने बताया की 26 जनवरी को सुबह करीब 9 बजे मुरली बावरी ने सूचना दी थी कि उसके भाई राधेश्याम बावरी का शव कल्याणपुरा खामोर के पास जंगल में पड़ा हुआ है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और एफएसएल टीम को बुलाकर मौका मुआयना किया गया। बाद में शव को पोस्टमार्टम के लिए फुलियाकलां अस्पताल भिजवाया गया। मुरली बावरी ने बताया था कि उसी दिन सुबह करीब 7:15 बजे रामपाल बावरी ने फोन कर उसके भाई के शव के श्मशान के पास बबूलों में पड़े होने की जानकारी दी। जांच में सामने आया कि रामपाल, उसके मामा व परिवार के अन्य सदस्यों ने मिलकर राधेश्याम के साथ गंभीर मारपीट की, जिससे उसकी मृत्यु हो गई। इस पर मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया। पुलिस ने अनुसंधान के दौरान रामपाल बावरी (33), नरेश बावरी (22), मीरा उर्फ मन्नी देवी बावरी (57) तथा कन्या देवी बावरी (27) को गिरफ्तार किया। सभी आरोपी कल्याणपुरा व भगवानपुरा क्षेत्र के निवासी हैं। फिलहाल

सभी आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है ।

# हिंदू सम्मेलन के उपलक्ष में तिलस्वा से निकली वाहन रैली , आज होगी धर्मसभा

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया ।

**रमेश गुर्जर ।** उपखंड क्षेत्र के तिलस्वा में हिंदू सम्मेलन को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल बना हुआ है। इसी क्रम में शनिवार को तिलस्वा से भव्य वाहन रैली का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी नागरिकों ने भाग लिया। रैली में शामिल लोग भगवा ध्वज लहराते हुए चल रहे थे, जिससे पूरा क्षेत्र भगवामय नजर आया।

जानकारी के अनुसार वाहन रैली का शुभारंभ तिलस्वा से हुआ, जो पापड़पुर, इंद्रपुरा, चीता बड़, जोलास और बृजपुरा होते हुए निकाली गई । रैली का उद्देश्य



समाज में एकता का संदेश देना तथा रविवार को आयोजित होने वाले विराट हिंदू सम्मेलन के लिए जनसंपर्क करना रहा। रविवार को शिव चौक में हिंदू सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन से पूर्व कलश यात्रा निकाली जाएगी, जिसके पश्चात धर्मसभा का आयोजन होगा। धर्मसभा में नागाजी का बाग हनुमान मंदिर के महंत रामप्रिय दास महाराज उपस्थित रहेंगे ।

# एडीपीसी कल्पना शर्मा ने किया बालिका आवासीय विद्यालय का निरीक्षण

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।

**मानव तिवाड़ी** कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में शनिवार को समग्र शिक्षा भीलवाड़ा की एडीपीसी कल्पना शर्मा द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय की समस्त व्यवस्थाएं संतोषजनक एवं माकूल पाई गईं।

इस अवसर पर एडीपीसी शर्मा ने छात्राओं एवं स्टाफगण से संवाद करते हुए शिक्षा में नवाचारों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विद्यालय की शैक्षणिक, आवासीय



तथा अन्य व्यवस्थागत गतिविधियों का बारीकी से अवलोकन किया और आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

निरीक्षण के समय नोडल प्रधानाचार्य, वार्डन सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# अवैध खनन व नशे के खिलाफ सख्ती, एसपी ने पंडेर थाने का लिया जायजा



भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर।

भीलवाड़ा पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने शनिवार को पुलिस थाना पंडेर का निरीक्षण कर थाने की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसपी ने अवैध खनन, नशा तस्करी एवं एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराधों में संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। साथ ही थाने पर आने वाले प्रत्येक परिवादी का स्वागत कक्ष रजिस्टर में अनिवार्य रूप से इंद्राज करने तथा उनकी समस्या को गंभीरता से सुनकर समयबद्ध समाधान करने के निर्देश भी दिए गए।

निरीक्षण के दौरान थाना परिसर में कंजर समाज के पूर्व सरपंच अंगद कंजर, ज्ञानचंद कंजर, शिवप्रकाश, सुरेश सहित करीब 30-40 समाजजन उपस्थित रहे, जहां कंजर समाज की कुरीतियों को लेकर एक बैठक आयोजित की गई। पुलिस अधीक्षक ने समाजजनों से संवाद करते हुए चोरी, बाल विवाह, झगड़ा प्रथा जैसी पूर्व से चली आ रही कुरीतियों को छोड़ने की समझाइश की और समाज को मुख्यधारा से जुड़ने का आह्वान किया।

इस पर कंजर समाज के प्रतिनिधियों ने आश्वासन दिया कि समाज के युवक-युवतियां अब सरकारी सेवाओं की तैयारी कर रहे हैं तथा वर्तमान में कई युवा कोचिंग संस्थानों में अध्ययनरत हैं। उन्होंने बताया कि थाना अधिकारी कमलेश मीणा द्वारा समय-समय पर समाज के बीच पहुंचकर की जा रही समझाइश से समाज को मुख्यधारा में लौटने में काफी मदद मिली है।

बैठक के अंत में कंजर समाज के लोगों ने पुलिस अधीक्षक का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जिले में पहली बार ऐसा पुलिस अधीक्षक मिला है, जिनके कार्यकाल में अपराधियों में डर और आमजन में विश्वास का माहौल बना है।

# ग्रामीण नर्सेज ने मेडिसिन स्टोर चार्ज से मुक्ति की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन



भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

राजस्थान नर्सेज यूनियन के जिलाध्यक्ष लक्की ब्यावट के नेतृत्व में ग्रामीण क्षेत्र के नर्सेज ने भीलवाड़ा के सीएमएचओ डॉ. संजीव शर्मा को ज्ञापन सौंपकर मेडिसिन स्टोर के चार्ज से मुक्त किए जाने की मांग की। यूनियन ने बताया कि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग जयपुर द्वारा जारी फार्मासिस्ट जॉब चार्ट में दवा वितरण व भंडारण की जिम्मेदारी फार्मासिस्ट को दी गई है, ऐसे में नर्सेज पर यह अतिरिक्त भार उचित नहीं है। यूनियन प्रवक्ता गिरिराज लढ़ा ने कहा कि भरतपुर व हनुमानगढ़ में सीएमएचओ द्वारा इस संबंध में आदेश जारी किए जा चुके हैं, इसलिए भीलवाड़ा में भी शीघ्र राहत दी जाए। ज्ञापन देने वालों में विभिन्न ब्लॉकों के नर्सेज व यूनियन पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# राजकीय महाविद्यालय में एनएसएस शिविर का हुआ शुभारंभ

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।

राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ प्रथम दिवस वंदे मातरम् एवं एनएसएस गीत के सामूहिक गायन के साथ हुआ। उद्घाटन अवसर पर एनएसएस अधिकारी सहायक प्रोफेसर प्रमोद भूकर ने स्वयंसेवकों को अनुशासन एवं एनएसएस के आदर्श वाक्य नॉट मी, बट यू की भावना से अवगत कराया।

प्रथम सत्र में कार्यवाहक प्राचार्य आदित्य देव वैष्णव ने ध्यान साधना एवं स्वच्छता के महत्व पर जानकारी दी। द्वितीय सत्र में करियर मार्गदर्शन एवं नैतिकता पर सत्र आयोजित किए गए, जिनमें विद्यार्थियों को





लक्ष्य निर्धारण, मूल्यों एवं सकारात्मक दृष्टिकोण के महत्व से अवगत कराया गया। कार्यवाहक प्राचार्य ने बताया कि प्रथम दिवस की गतिविधियों से स्वयंसेवकों में अनुशासन और आत्मविकास की भावना सुदृढ़ हुई।

# विधायक गोपीचंद मीणा ने किया कृषि महाविद्यालय का भूमि पूजन

भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर।

पिपलुंद में प्रस्तावित कृषि महाविद्यालय का भूमि पूजन शनिवार को विधिवत रूप से सम्पन्न हुआ। हालांकि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा किसी कारणवश शामिल नहीं हो सके और उनका दौरा निरस्त हो गया।

इसके बावजूद पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार गोपीचंद मीणा (एसटी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक), भाजपा नेता व पूर्व प्रधान प्रतिनिधि किशोर शर्मा तथा पिपलुंद सरपंच वेदप्रकाश खटीक ने कृषि महाविद्यालय का भूमि पूजन किया। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में





जनप्रतिनिधि, भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।



QUICK BITES

## संत रविदास जयंती पर भाजपा एससी मोर्चा ने चलाया स्वच्छता अभियान

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।




भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश निर्देशानुसार जिलाध्यक्ष एससी मोर्चा पूरण डिडवानिया के नेतृत्व में शनिवार को संत शिरोमणि रविदास महाराज की 649वीं जयंती के अवसर पर सुभाषनगर स्थित बाबा रामदेव मंदिर प्रांगण में स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया।

अभियान के दौरान मोर्चा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने मंदिर परिसर एवं आसपास साफ-सफाई कर स्वच्छता व सेवा का संदेश दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य संत रविदास महाराज के समता, सेवा और स्वच्छता के विचारों को जन-जन तक पहुंचाना रहा। इस अवसर पर जिला महामंत्री हीरालाल बोहरा सहित अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता व स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे और सभी ने समाज में स्वच्छता व सेवा कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

## कांस्या चौकी पुलिस की संवेदनशील पहल, घायल गोवंश को दिलाया जीवनदान

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया ।

रमेश गुर्जर



कांस्या चौकी पुलिस ने मानवीय संवेदना का परिचय देते हुए घायल अवस्था में पड़े एक गोवंश को समय पर चिकित्सकीय सहायता उपलब्ध कराकर सराहनीय कार्य किया। चौकी प्रभारी नरेश सुखवाल की मौजूदगी में शनिवार को नियमित गश्त के दौरान पुलिस टीम तिलस्वा मंदिर ग्राउंड पहुंची, जहां एक गोवंश पैर में गंभीर चोट लगने से लहूलुहान अवस्था में पड़ा मिला। मौके पर मौजूद ग्रामीणों से जानकारी लेने पर सामने आया कि उक्त गोवंश बीते दो दिनों से दर्द से तड़प रहा था, लेकिन इलाज नहीं हो पाया था। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल ग्रामीणों की सहायता से गोवंश का उपचार करवाया। प्राथमिक उपचार के बाद गोवंश की हालत में सुधार देखा गया, जिससे ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।

इस सेवा कार्य में चौकी प्रभारी नरेश सुखवाल के निर्देशन में चौकी स्टाफ के उगमाराम, नरेंद्र एवं श्रीपाल ने सक्रिय भूमिका निभाई और उपचार प्रक्रिया में सहयोग किया। पुलिस की इस तत्परता और संवेदनशीलता की क्षेत्रवासियों ने खुले दिल से सराहना की।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर?

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।

क्या आपके पास है –

- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# राज्यपाल के अभिभाषण पर विधायक अशोक कोठारी का समर्थन

## भीलवाड़ा को मिली विकास सौगातों के लिए जताया आभार, गौ संरक्षण पर जोर


भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

राजस्थान विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान शहर विधायक अशोक कोठारी ने अभिभाषण पर विश्वास व्यक्त करते हुए प्रदेश सरकार के कार्यों का समर्थन किया। उन्होंने अध्यक्ष महोदय को समय देने के लिए धन्यवाद देते हुए गौमाता को नमन किया और सदन के सभी सदस्यों को प्रणाम किया।

विधायक कोठारी ने कहा कि देश को ऐसा प्रधानमंत्री मिला है, जिनके दूरदर्शी निर्णयों से भारत का स्वाभिमान, गौरव और सुरक्षा सशक्त हुई है। उन्होंने कहा कि विकास और अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में देश निरंतर प्रगति कर रहा है तथा निकट भविष्य में भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में अग्रसर है। इस दौरान उन्होंने हाल ही में यूरोपीय यूनियन के साथ हुए समझौतों और जीएसटी दरों में दी गई राहत का भी उल्लेख किया।

प्रदेश सरकार और मुख्यमंत्री के कार्यों की सराहना करते हुए कोठारी ने कहा कि पारदर्शिता और प्रतिबद्धता के साथ लिए गए निर्णयों से राजस्थान ने विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं। उन्होंने राजस्थान राइजिंग के तहत हुए बड़े निवेश समझौते, विद्युत उत्पादन क्षमता में वृद्धि, जल जीवन मिशन का प्रभावी क्रियान्वयन, किसानों को बढ़ी किसान सम्मान निधि तथा युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने जैसे कदमों को उल्लेखनीय बताया।

भीलवाड़ा जिले को मिली विकासात्मक सौगातों का उल्लेख करते हुए विधायक कोठारी ने कहा कि जिले को नगर निगम का दर्जा, माही



डैम जल परियोजना, भीलवाड़ा-जयपुर एक्सप्रेस कॉरिडोर, एयर फ्लाइंग स्कूल, अमृत जल योजना, 132 केवी के दो और 33 केवी का एक विद्युत ग्रिड, नगरवन, मानसरोवर, मल्टीपर्पज स्पोर्ट्स अकादमी, गांधीनगर थाना, महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज तथा आधुनिक रोडवेज डिपो जैसी महत्वपूर्ण सौगातें मिली हैं। इन सभी विकास कार्यों के लिए उन्होंने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।

अपने वक्तव्य में विधायक कोठारी ने गौमाता के संरक्षण का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि गौशालाओं के अनुदान में वृद्धि सराहनीय है, लेकिन सड़कों पर भूखी-प्यासी घूम रही गौमाता के लिए स्थायी समाधान आवश्यक है। इसके लिए उन्होंने गौ नीति एवं पशुपालन नीति में ठोस बदलाव कर चारागाहों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की।

अंत में विधायक कोठारी ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि पूर्व में प्रस्तुत ग्रीन बजट की तर्ज पर आगामी बजट को कामधेनु परियर की थीम पर प्रस्तुत किया जाए, जिससे गौ संरक्षण के साथ-साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिल सके।

# सीनियर ऑल इंडिया हॉकी प्रतियोगिता के लिए भीलवाड़ा टीम घोषित

## विधायक खेल विकास योजना की टीम खरगोन में करेगी शहर का प्रतिनिधित्व

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

मध्य प्रदेश के खरगोन में 1 फरवरी से आयोजित होने वाली सीनियर ऑल इंडिया आमंत्रण हॉकी प्रतियोगिता के लिए भीलवाड़ा विधायक खेल विकास योजना की हॉकी टीम की घोषणा कर दी गई है। यह टीम प्रतियोगिता में भाग लेकर भीलवाड़ा शहर का प्रतिनिधित्व करेगी।

शिक्षाविद् विवेक निमावत ने बताया कि विधायक खेल विकास योजना के मुख्य कोच अजीत जैन द्वारा चयनित टीम में अमित लोधा, सन्नी गाडरी, काना गाडरी, रजत गाडरी, सियाराम माली, शीलू गुर्जर, विक्रम जाट, शिवम सिंह, संदीप थापा, रोनी दासलानिया, धर्मा पुरी, मुरली दाधीच, सुमित गुप्ता, लक्की, नीरज खटीक एवं दक्ष जाजोट को शामिल



किया गया है।

टीम की घोषणा पर विधायक अशोक कोठारी ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खिलाड़ी खेल को केवल शौक तक सीमित न रखें, बल्कि इसे नौकरी, करियर, पदक और सम्मान प्राप्त करने के लक्ष्य के साथ खेलें। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि टीम सीनियर ऑल इंडिया आमंत्रण हॉकी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर भीलवाड़ा का नाम रोशन करेगी।

### पीएम श्री योजना की हकीकत परखी

# डाइट शाहपुरा के प्रधानाचार्य ने किया पीएम श्री विद्यालय बाकरा का निरीक्षण

भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़।

पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बाकरा का निरीक्षण शाहपुरा डाइट प्रधानाचार्य जगदीश नारायण मीणा द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पीएम श्री योजना के अंतर्गत विद्यालय में संचालित शैक्षिक एवं सह-शैक्षिक गतिविधियों का गहन अवलोकन किया।

निरीक्षण के अवसर पर बाल वाटिका, व्यावसायिक शिक्षा लैब, किचन



गार्डन, संविधान कक्ष, प्रयोगशाला कक्ष तथा मिड-डे-मील व्यवस्था का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। इस दौरान विद्यालय की सुव्यवस्थित व्यवस्थाओं एवं विद्यार्थियों में अनुशासन पर विशेष संतोष व्यक्त किया गया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य सोजी राम मीणा ने बताया कि निरीक्षणकर्ता द्वारा विद्यालय में पीएम श्री योजना के अंतर्गत संचालित गतिविधियों, अनुशासन एवं समग्र व्यवस्थाओं की सराहना की गई। निरीक्षण के दौरान विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

इस दौरान मीणा ने विद्यालय में शैक्षिक गुणवत्ता, नवाचार और समग्र विकास को लेकर किए जा रहे प्रयासों की प्रशंसा की । वही बाल वाटिका से लेकर व्यावसायिक शिक्षा, किचन गार्डन और मिड-डे-मील तक की व्यवस्थाओ को संतोषजनक बताया हैं।

# सोपुरा पंचायत समारोह में अवैध बजरी के आरोपों से मचा हंगामा

## प्रशासक ने लगाए गंभीर आरोप, थाना अधिकारी ने बताया निराधार





भीलवाड़ा फोकस @ बिगोद।

नवगठित ग्राम पंचायत सोपुरा के शुभारंभ का कार्यक्रम शनिवार को उस समय सुर्खियों में आ गया, जब विकास के उत्सव के बीच अवैध बजरी खनन को लेकर गंभीर आरोप मंच से ही सामने आ गए।

एक ओर ग्रामीणों को नई पंचायत की सौगात मिली, तो दूसरी ओर बनास नदी क्षेत्र में कथित अवैध गतिविधियों को लेकर प्रशासन और पुलिस आमने-सामने नजर आए, जिससे कार्यक्रम का माहौल गरमा गया।

कार्यक्रम में माण्डलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल ने गेगा का खेड़ा ग्राम पंचायत से नवगठित ग्राम पंचायत सोपुरा का फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलन के साथ विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर नंदराय मंडल अध्यक्ष प्रकाश सांगावत, विधानसभा संयोजक अनिल पारीक, सामाजिक कार्यकर्ता गोवर्धन वैष्णव, गेगा का खेड़ा ग्राम पंचायत के प्रशासक शंकर लाल शर्मा, पूर्व सरपंच कैलाश शर्मा, विजय सिंह राणावत (बोरखेड़ा), भेरूलाल शर्मा, एडवोकेट गोपाल सालवी, सत्यनारायण सालवी, मगनीराम गुर्जर, बालू सुथार, सोहन सिंह राणावत, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि कैलाश वैष्णव सहित सोपुरा, बोरखेड़ा, किशनपुरा एवं बोरडियास गांवों के बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं महिलाएं उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम के दौरान उस समय स्थिति तनावपूर्ण हो गई, जब गेगा का खेड़ा ग्राम पंचायत के प्रशासक शंकर लाल शर्मा ने बड़लियास थाना क्षेत्र में बनास नदी से अवैध बजरी खनन व परिवहन के आरोप लगाए।

उन्होंने आरोप लगाया कि रातभर जेसीबी मशीनों से बजरी भरकर वाहन निकाले जा रहे हैं, जिससे ग्रामीणों की नींद और बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है, जबकि परीक्षाएं नजदीक हैं। आरोपों के बाद समारोह स्थल पर चर्चा और खुसर-पुसर तेज हो गई।

इस संबंध में बड़लियास थाना अधिकारी मुनीराम चोयल ने आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए उन्हें निराधार बताया। उन्होंने कहा कि उनके पदभार संभालने के बाद अवैध बजरी गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई की गई है। डंपर, टिपर, जेसीबी मशीनें एवं ट्रैक्टर जब्त किए गए हैं तथा कम से कम 10 बजरी से भरे वाहनों को पकड़ा गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी अवैध बजरी वाहन को निकलने नहीं दिया गया है और आगे भी अवैध खनन व परिवहन के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई जारी रहेगी।

# माण्डलगढ़ में पुलिया निर्माण कार्य का शिलान्यास

## विधायक गोपाल खंडेलवाल बोले ग्रामीणों को मिलेगी सुगम आवागमन की सुविधा





**भीलवाड़ा फोकस @ माण्डलगढ़।** विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों की श्रृंखला में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि जुड़ गई। विधायक गोपाल खंडेलवाल ने शनिवार को महुआ-मागटला सड़क पर पुलिया निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास किया। इस अवसर पर विधायक खंडेलवाल ने कहा कि क्षेत्रवासियों की सुविधा एवं सुगम आवागमन उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। पुलिया के निर्माण से विशेष रूप से वर्षा ऋतु में ग्रामीणों को आवागमन में होने वाली समस्याओं से स्थायी राहत मिलेगी। साथ ही इससे क्षेत्र की व्यापारिक, सामाजिक एवं आर्थिक गतिविधियों को गति मिलेगी तथा ग्रामीण संपर्क व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी।

शिलान्यास कार्यक्रम में क्षेत्र के प्रबुद्ध नागरिक, भाजपा पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान विधानसभा संयोजक अनिल पारीक, भाजपा मंडल अध्यक्ष बृजमोहन शर्मा, भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य गोवर्धन वैष्णव, जयराम गुर्जर, मंडल महामंत्री विष्णु शर्मा, मुकेश मीणा, झंझोला ग्राम पंचायत प्रशासक दुर्गालाल काबरा, भैरूलाल गुर्जर, प्रहलाद माली, भवानीराम मीणा सहित अनेक गणमान्यजन मौजूद रहे।

# नव उत्थान समिति ने स्थापना वर्षगांठ पर विद्यार्थियों को वितरित की शैक्षणिक सामग्री




**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।** नव उत्थान समिति द्वारा अपनी स्थापना की प्रथम वर्षगांठ राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, धुलखेड़ा में सामाजिक सरोकारों के साथ मनाई गई। इस अवसर पर समिति की ओर से जरूरतमंद विद्यार्थियों को स्टेशनरी किट, ज्योमेट्री बॉक्स एवं परीक्षा बोर्ड वितरित किए गए।

संस्था की उपाध्यक्ष शिवानी शर्मा ने बताया कि नव उत्थान समिति सकारात्मक सामाजिक बदलाव के लिए निरंतर कार्य कर रही है तथा शिक्षा को समाज के विकास की सबसे मजबूत नींव मानती है। उन्होंने कहा कि समिति भविष्य में भी शिक्षा और सामाजिक जागरूकता से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता देगी।

कार्यक्रम के दौरान संस्था से जुड़े आफरीन एवं देशराज ने विद्यार्थियों को शिक्षा के माध्यम से सफलता प्राप्त करने, आत्मनिर्भर बनने और एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में समाज में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विद्यार्थियों से शिक्षा को अपने जीवन का आधार बनाकर निरंतर आगे बढ़ने का आह्वान किया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में भामाशाह के रूप में डॉ. शैलजा उपमन्यु, सेवानिवृत्त प्राचार्या, माणिक्यलाल वर्मा राजकीय महाविद्यालय का विशेष सहयोग रहा। साथ ही संस्था से जुड़े सदस्यों, वॉलंटियर्स एवं सहयोगियों ने भी सक्रिय भूमिका निभाई।

विद्यालय के प्रधानाचार्य जगदीश खटीक ने नव उत्थान समिति के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के सामाजिक कार्य विद्यार्थियों के मनोबल को बढ़ाते हैं और शिक्षा के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करते हैं। उन्होंने समिति का आभार व्यक्त किया।कार्यक्रम में विद्यालय स्टाफ एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# सवाईपुर मंडल केंद्र पर आज विराट हिंदू सम्मेलन, तैयारियां जोरों पर



**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**

**(सांवर वैष्णव)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष समारोह के तहत आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में सवाईपुर मंडल केंद्र पर रविवार, को विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। मंडल अध्यक्ष श्यामसुंदर श्रोत्रिय ने बताया कि सवाईपुर मंडल में ढ़ेलाणा, सालरिया, सबला जी का खेड़ा, सोपुरा जाटों का, ड़साणिया का खेड़ा, खरेड़, जित्यास, नोहरा एवं कालिरडिया गांव शामिल हैं।

उन्होंने बताया कि रविवार सुबह 9:15 बजे सवाईपुर के बड़े चारभुजानाथ मंदिर से विशाल कलश यात्रा व शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो ब्राह्मणों का मोहल्ला, गाड़री मोहल्ला, विद्युत ग्रिड के पास से होते हुए ड़साणिया का खेड़ा बालाजी मंदिर, सोपुरा रोड, नेशनल हाईवे, सालरिया रोड व तेजाजी चौक होते हुए रड़ा की माताजी मंदिर प्रांगण पहुंचेगी। जहाँ दोपहर 1:30 बजे से धर्मसभा आयोजित होगी, जिसे संतजन संबोधित करेंगे।

सम्मेलन को लेकर गांव-गांव में घर-घर जाकर मंडलियों द्वारा पीले चावल व पत्रक देकर आमंत्रण दिया जा रहा है। सवाईपुर सहित आसपास के गांवों में झंडियां व फरियां लगाए जाने से वातावरण भगवामय बन गया है।

# आगूचा चौकी में एएसआई श्रवण कुमार विश्नोई ने संभाला कार्यभार



**भीलवाड़ा फोकस @ आगूचा**

**(गोपाल)।** आसींद थाने से स्थानांतरण होकर आए नव नियुक्त एएसआई श्रवण कुमार विश्नोई ने शनिवार को चौकी में कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर समाजसेवियों एवं स्थानीय लोगों ने माला व साफा पहनाकर स्वागत किया तथा मुंह मीठा करवाया।

कार्यभार ग्रहण करने के बाद एएसआई विश्नोई ने कहा कि क्षेत्र में अपराध किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पीड़ित महिलाओं, बच्चों सहित आमजन की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुनकर त्वरित कार्रवाई कर न्याय दिलाना उनकी पहली प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने आमजन से पुलिस का सहयोग करने की अपील भी की।

उल्लेखनीय है कि एएसआई विश्नोई राजस्थान पुलिस में अपनी कार्यकुशलता और सेवा भाव के लिए जाने जाते हैं। पूर्व में थाना आसींद में पदस्थापन के दौरान उनका कार्यकाल 'आमजन में विश्वास और अपराधियों में डर' की मिसाल रहा। सादगी और मिलनसार स्वभाव के चलते क्षेत्र में उनकी अच्छी पहचान रही है, जिससे लोगों को उनसे बेहतर कानून-व्यवस्था की उम्मीद है।

## विदाई समारोह में छात्राओं को परीक्षा व भविष्य की दी गई प्रेरणा



**भीलवाड़ा फोकस @ आगूंचा।**

**गोपाल।** राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में कक्षा 12 में अध्ययनरत 39 छात्राओं का विदाई समारोह हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भामाशाह पप्पूलाल वैष्णव रहे। वहीं पीईईओ कैलाश चंद्र आमेटा, पवन शास्त्री, ओमप्रकाश जोशी, कैलाश नागला, सत्यनारायण वैष्णव, गोपाल उचेनिया, रेखा देवी, पवन पालड़िया, विद्यालय की प्रधानाचार्य इंदिरा जैन एवं स्थानीय स्टाफ उपस्थित रहा।

मुख्य वक्ता पवन शास्त्री ने छात्राओं को जीवन में आगे बढ़ने और लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा दी। पीईईओ कैलाश चंद्र आमेटा ने कड़ी मेहनत और अनुशासन को सफलता की कुंजी बताया। प्रधानाचार्य इंदिरा जैन ने बोर्ड परीक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां देते हुए छात्राओं को मन लगाकर अध्ययन करने का आह्वान किया।

समारोह के दौरान वर्षभर श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को पारितोषिक प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन नवल किशोर टेलर एवं अफसाना बानू द्वारा किया गया।

## पडेर मिली विकास की सौगात, बजरंग वाटिका के लिए 25 लाख की स्वीकृति



**भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर।** पडेर कस्बे के नागरिकों को विकास की एक बड़ी सौगात मिली है। भीलवाड़ा सांसद दामोदर अग्रवाल ने शनिवार को बस स्टैंड स्थित बजरंग वाटिका परिसर में उद्यान विकास एवं सड़क निर्माण कार्य के लिए 25 लाख रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति जारी की।

जानकारी के अनुसार, बजरंग वाटिका में आमजन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विकास कार्य करवाने के संबंध में एक प्रतिनिधि मंडल ने पूर्व में सांसद दामोदर अग्रवाल से मुलाकात कर प्रस्ताव रखा था। प्रस्ताव पर सकारात्मक रुख अपनाते हुए सांसद ने शनिवार को पडेर पहुंचकर बजरंग वाटिका परिसर के विकास एवं रोड निर्माण कार्य हेतु राशि स्वीकृत की।

सांसद द्वारा स्वीकृति मिलने पर प्रतिनिधि मंडल ने उनका आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर पूर्व उपप्रधान एडवोकेट अंजनी कुमार शर्मा, कैलाश चंद तिवारी, लोकेश शर्मा, ज्ञानचंद कंजर सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## QUICK BITES

### विराट हिंदू सम्मेलन के प्रचार में निकली वाहन रैली, भजन संध्या में उमड़ा जनसैलाब

**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद।**



नरसिंह बस्ती में आयोजित होने वाले आगामी विराट हिंदू सम्मेलन को लेकर क्षेत्र में उत्साह और धार्मिक उल्लास का वातावरण बना हुआ है। सम्मेलन के प्रचार और समाज में एकता का संदेश देने के उद्देश्य से शनिवार को वाहन रैली का आयोजन किया गया, वहीं शाम को श्रीमाल वाटिका में भव्य भजन संध्या आयोजित कर श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार शनिवार सुबह 10 बजे वाहन रैली का शुभारंभ श्रीमाल वाटिका से हुआ। भगवा ध्वजों से सजे वाहनों का काफिला नरसिंह बस्ती के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरा। रैली के माध्यम से आगामी सम्मेलन के लिए जनसंपर्क किया गया और समाज को संगठित रहने का संदेश दिया गया। रैली में युवाओं और धर्मप्रेमी नागरिकों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली।

इसी क्रम में शनिवार शाम श्रीमाल वाटिका में विराट हिंदू सम्मेलन के उपलक्ष्य में एक भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर के प्रसिद्ध भजन कलाकार निकिता कोठारी, अभिनव चौरड़िया, मीनल कोठारी, अशोक सोनी एवं परसराम सोनी ने अपनी भक्तिमय प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया।

भजन संध्या के दौरान 'गणपति बप्पा मोरया' और 'राम आएंगे' जैसे लोकप्रिय भजनों पर पूरा पांडाल 'जय श्री राम' के उद्घोष से गूंज उठा। भक्तिरस में डूबे श्रद्धालु झूमते नजर आए। कार्यक्रम में आसींद नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष और बच्चे पहुंचे।

कार्यक्रम स्थल को लाल-सफेद गुब्बारों और आकर्षक लाइटों से सजाया गया था, जिससे उत्सव का माहौल और भी भव्य हो गया। देर रात तक चली भजन संध्या ने पूरे क्षेत्र को भक्ति के रंग में रंग दिया।

आयोजन समिति ने समस्त धर्मप्रेमी जनता और युवाओं से अपील की है कि वे रविवार को श्रीमाल वाटिका में आयोजित विराट हिंदू सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाएं। समिति के अनुसार सम्मेलन के दिन सुबह 9 बजे शोभायात्रा, दोपहर 12 बजे धर्मसभा तथा दोपहर 2 बजे महाप्रसादी का आयोजन सुनिश्चित किया गया है।

### ब्लॉक स्तरीय निःशुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित

**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद।**



उपखंड मुख्यालय स्थित पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में शनिवार को ब्लॉक स्तरीय निःशुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक जब्बर सिंह सांखला मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अतिथियों की मौजूदगी में पात्र बालिकाओं को निःशुल्क साइकिलों का वितरण किया गया।

समारोह को संबोधित करते हुए विधायक सांखला ने कहा कि राज्य सरकार बालिकाओं की शिक्षा एवं उनके स्वावलंबन के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। निःशुल्क साइकिल वितरण योजना से दूर-दराज से आने वाली छात्राओं को आवागमन में सुविधा मिलेगी, साथ ही उनके आत्मविश्वास में भी वृद्धि होगी। उन्होंने छात्राओं से मन लगाकर पढ़ाई करने और क्षेत्र का नाम रोशन करने का आह्वान किया।

भाजपा नगर अध्यक्ष अनिल सिंह ने बताया कि साइकिल पाकर छात्राओं के चेहरे खिल उठे और उन्होंने इस सहयोग के लिए सरकार व जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में पालिका पार्षद गौतम चौरड़िया, परसराम सोनी, सत्येंद्र चौहान, स्थानीय विद्यालय संस्था प्रधान विजय व्यास, उपप्रधानाचार्य श्याम सुंदर सोनी, एसीसीबीईओ देवीलाल तेली सहित विद्यालय के शिक्षकगण एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे ।

### एचवीएस स्कूल में सीनियर विद्यार्थियों का विदाई समारोह आयोजित

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**




नगर ले एचवीएस स्कूल में सीनियर कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती माता के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेंद्र बंजारा, मनोज गोधा, विद्यालय के डायरेक्टर हितेंद्र सिंह राजोरा, नरेश धाकड़, टीना धाकड़, सुरेश धाकड़, प्रधानाचार्य नीलिमा ईनानी एवं अशोक शर्मा उपस्थित रहे।

विदाई समारोह के दौरान विद्यालय स्टाफ एवं छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग नृत्य सहित विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई, जिनकी उपस्थितजनों ने सराहना की। समारोह में सीनियर विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई और उन्हें जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।